This Question Paper consists of **45** questions and **8** printed pages.
इस प्रश्न-पत्र में **45** प्रश्न तथा **8** मुद्रित पृष्ठ हैं।

| **Roll No. अनुक्रमांक** | | | | | | | | | | | | | **Code No. 71/SS/328 कोड नं.** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

**SET/सेट- A1**

# PSYCHOLOGY
# मनोविज्ञान
# (328)

**Day and Date of Examination**
**(परीक्षा का दिन व दिनांक)** ______________________________

**Signature of Invigilators :** **1.** ____________________________
**(निरीक्षकों के हस्ताक्षर)**

**2.** ____________________________

*General Instructions :*

**1.** Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the Question Paper.

**2.** Please check the Question Paper to verify that the total pages and total number of questions contained in the Question Paper are the same as those printed on the top of the first page. Also check to see that the questions are in sequential order.

**3.** Making any identification mark in the Answer-Book or writing Roll Number anywhere other than the specified places will lead to disqualification of the candidate.

**4.** Write your Question Paper Code No. **71/SS/328**, **Set - A1** on the Answer-Book.

**5.** (a) The Question Paper is in English/Hindi medium only. However, if you wish, you can answer in any one of the languages listed below :
English, Hindi, Urdu, Punjabi, Bengali, Tamil, Malayalam, Kannada, Telugu, Marathi, Oriya, Gujarati, Konkani, Manipuri, Assamese, Nepali, Kashmiri, Sanskrit and Sindhi.
You are required to indicate the language you have chosen to answer in the box provided in the Answer-Book.
(b) If you choose to write the answer in the language other than Hindi and English, the responsibility for any errors/mistakes in understanding the question will be yours only.

***सामान्य अनुदेश:***

**1.** परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।

**2.** कृपया प्रश्न-पत्र को जाँच लें कि प्रश्न-पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।

**3.** उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा।

**4.** अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पत्र का कोड नं. **71/SS/328**, **सेट - A1** लिखें।

**5.** (क) प्रश्न – पत्र केवल हिंदी/अंग्रेजी माध्यम में है। फिर भी, यदि आप चाहें तो नीचे दी गई किसी एक भाषा में उत्तर दे सकते हैं :
अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू, पंजाबी, बाँगला, तमिल, मलयालम, कन्नड़, तेलुगु, मराठी, उड़िया, गुजराती, कोंकणी, मणिपुरी, असमिया, नेपाली, कश्मीरी, संस्कृत और सिंधी।
कृपया उत्तर-पुस्तिका में दिए गए बॉक्स में लिखें कि आप किस भाषा में उत्तर लिख रहे हैं।
(ख) यदि आप हिंदी एवं अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में उत्तर लिखते हैं, तो प्रश्नों को समझने में होने वाली त्रुटियों / गलतियों की जिम्मेदारी केवल आपकी होगी।

# मनोविज्ञान

# (328)

**समय : 3 घण्टे ]** **[ पूर्णांक : 100**

**निर्देश:**

(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल **45** प्रश्न हैं।

(ii) **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के सामने अंक दिये गये हैं।

(iv) **खण्ड - क में शामिल हैं :**

(a) प्रश्न संख्या **1** से **20** बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक के होंगे। इनमें से प्रत्येक प्रश्न में दिए गए चार विकल्पों में से सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें और लिखें।

(b) प्रश्न संख्या **21** से **29** तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रश्न संख्या **21** से **23** तक प्रत्येक के लिए **2** अंक हैं (प्रत्येक **1** अंक के **2** उपभागों सहित) और प्रश्न संख्या **24** से **29** तक **4** अंक के हैं (प्रत्येक **1** अंक के **4** उपभागों सहित)।

(v) **खण्ड - ख में शामिल हैं :**

(a) प्रश्न संख्या **30** से **35** तक, **2** अंकों वाले अतिलघु उत्तरीय प्रश्न, प्रत्येक पश्न का उत्तर **30** से **50** शब्दों में दिया जाना है।

(b) प्रश्न संख्या **36** से **41** तक **3** अंकों वाले लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर **50** से **80** शब्दों की सीमा में देने हैं।

(c) प्रश्न संख्या **42** और **45** तक **5** अंकों वाले दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर **80** से **120** शब्दों की सीमा में देने हैं।

इनमें से कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं। आपको उनमें से किसी एक का ही उत्तर देना है।

**निर्देश :**

(1) सभी प्रश्नों के उत्तर आपको दी गयी उत्तर पुस्तिका में ही लिखें।

(2) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण दोपहर में 2.15 बजे किया जाएगा। दोपहर 2.15 बजे से 2.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

## खण्ड – क

1. वस्तुओं को अलग-अलग अंगों की बजाय उन्हें पूर्ण रूप में प्रतिभासित करने की प्रवृत्ति __________ सिद्धांत के द्वारा परिभाषित होती है। **1**

(A) समानता (B) पूर्णता (C) समीपता (D) सममिति

2. यदि किसी व्यक्ति के मस्तिष्क का __________ घायल हो जाए तो वह किसी भी संवेग का अनुभव करने में असमर्थ हो सकता है। **1**

(A) हिप्पोकैम्पस (B) पश्चकपाल लोब (C) हाइपोथैलमस (D) मज्जा

3. एरिकसन द्वारा दिया गया विकासात्मक कार्य उद्योग बनाम हीनता किस काल के विकास की चिंता है ? **1**

(A) मध्य और उत्तर बाल्यावस्था (B) प्रारंभिक बाल्याकाल
(C) प्रारंभिक वयस्कता (D) मध्य आयु

4. निम्नलिखित में से उस उपयुक्त कथन को पहचानिए जो युवावस्था को दर्शाता है। **1**

(A) एक व्यक्ति तीव्र शारीरिक परिपक्वता की अवधि से गुजरता है।
(B) व्यक्ति का आत्म-मूल्यांकन अधिक जटिल हो जाता है।
(C) व्यक्ति नकारात्मक भावनात्मक प्रतिक्रियाओं को छुपाने में सुधार को चिह्नित करता है।
(D) व्यक्ति अपनी शारीरिक क्षमता की चरम पर होते हैं।

5. आलिया को यह महसूस होता है कि जब भी वह मशरूम खाती है, उसकी खाँसी बढ़ जाती है। उसने निष्कर्ष निकाला कि उसे मशरूम से एलर्जी है। उस तर्क के प्रकार को पहचानिए जिसे आलिया ने प्रयोग किया है। **1**

(A) निगमनात्मक तर्क (B) औपचारिक तर्क
(C) आगमनात्मक तर्क (D) संभावना तर्क

6. शैशवावस्था के दौरान निम्न में से कौन-सी चिंता होती है ? **1**

(A) धमकाना (B) स्कूल की तैयारी
(C) विकास में होने वाली देर (D) हीनता की भावना

7. निम्न में से उस लक्षण की पहचान कीजिए जिसमें मादक द्रव्यों की लत या आदत होने की संभावना सबसे कम है ? **1**

(A) मादक पदार्थों के लिए तीव्र आग्रह।
(B) समय के साथ, कम से कम मात्रा में मादक पदार्थों की आवश्यकता का होना।
(C) इसके हानिकारक प्रभावों को जानने के बाद भी ड्रग्स लेना जारी रखना।
(D) मादक पदार्थों की निरंतर आपूर्ति रखना ताकि किसी को इसकी कमी न हो।

8. निम्न में से कौन सा कथन जल्दी परिपक्वता के संदर्भ में सही है ? **1**

(A) शुरूआती परिपक्व लड़के अक्सर खुद को अधिक सकारात्मक महसूस करते हैं।
(B) शुरूआती परिपक्व लड़कियाँ खुद को अधिक सकारात्मक महसूस करती हैं।
(C) शुरूआती परिपक्व लड़के खुद को सकारात्मक महसूस नहीं करते हैं।
(D) शुरूआती परिपक्व लड़कियाँ किसी भी सामाजिक समस्या का सामना नहीं करती हैं।

9. निम्न में से कौन केंद्रीय प्रवृत्ति की माप माध्यिका का चरित्रवाचक नहीं है ? **1**

(A) यह अत्यधिक मानों से प्रभावित नहीं होता है।
(B) यह अत्यधिक मानों से प्रभावित होता है।
(C) इसे समझना और गणना करना आसान है।
(D) यह डाटा विश्लेषण में प्रयोग में लाया जाता है।

10. हरीश एक प्रायोगिक अनुसंधान में शामिल है और वह यह महसूस करता है कि जिन प्रतिभागियों को उसने चुना था, वे कई पहलुओं में भिन्न हैं जैसे उम्र और बुद्धि। हरीश के अनुसंधान की क्या सीमा है ? **1**

(A) कृत्रिम प्रयोगशाला सेटिंग
(B) चयन पूर्वाग्रह
(C) प्रायोगकर्त्ता पूर्वाग्रह
(D) व्यक्तिपरक पूर्वाग्रह

11. मानव व्यवहार को देखा, मापा और सत्यापित किया जा सकता है। इस तरह मनोविज्ञान को ___________ विषय के रूप में माना जा सकता है। **1**

(A) मन पढ़ना (B) गैर वैज्ञानिक (C) वैज्ञानिक (D) दार्शनिक

12. कमल 6 साल का लड़का है जिसे घरेलू और जंगली जानवरों के बीच अंतर कर उन्हें वर्गीकृत करने में कठिनाई होती है। वह संज्ञानात्मक विकास के किस चरण को दर्शाता है ? **1**

(A) संवेदीगामक चरण
(B) औपचारिक संक्रियात्मक चरण
(C) मूर्त संक्रियात्मक चरण
(D) पूर्व संक्रियात्मक चरण

13. विग्नेश कई (खिलौना) कारों से खेलता है। वह सड़क पर चलने वाले सभी वाहनों को कार कहता है। यह ___________ प्रक्रिया के कारण होता है। **1**

(A) समायोजन (B) संतुलन (C) नकल (D) आत्मसात करना

14. अजय 14 साल का है और वह गणित की समस्या को मौखिक प्रस्तुति के माध्यम से हल कर देता है। यह ___________ का प्रतीक है। **1**

(A) प्रस्ताव विचार
(B) अहं केंद्रितता
(C) संगठनात्मक
(D) व्यक्तिगत कल्पित

15. परिवर्तन की प्रक्रिया में ___________ शामिल है। **1**

(A) एक अच्छे आकार की धारणा
(B) प्रेरित ऊर्जा को तंत्रिका ऊर्जा में परिवर्तित किया जाना
(C) आकार-मूल्य विभाजन को समझना
(D) सममिति का सिद्धांत

16. ध्रुव किसी कार्य पर लंबे समय तक ध्यान देने में समर्थ है। वह ___________ दर्शाता है। **1**

(A) चयनात्मक कार्य
(B) चेतना कार्य
(C) सतर्कता
(D) स्वचालित प्रसंस्करण

17. सरिता उम्मीद के मुताबिक नतीज़ों के आधार पर फैसले लेने की आदत को दर्शाती है। ऐसे परिणाम घटित होने की संभावना होती है। इस घटना को पहचानिए। **1**

(A) कार्यात्मक स्थिरता
(B) मानसिक सेट
(C) अंतर्ज्ञान
(D) व्यक्तिपरक संभावना

18. नाज़िया को समस्या का समाधान करने में मुश्किल होती है। उस उपयुक्त तकनीक का चयन कीजिए जिसके द्वारा समस्या का अधिक से अधिक समाधान मिल सके। **1**

(A) विचार मंथन (B) आदत बनाने वाला (C) ऊष्मायन (D) आत्म-सुरक्षा

19. निम्न में से कौन-सा कथन संवेगों के विषय में सही है ? **1**

(A) संवेगों का कोई उद्देश्य नहीं होता।
(B) संवेगों का एक उद्देश्य होता है।
(C) संवेग हमेशा नकारात्मक होते है।
(D) संवेगों का संघर्ष अपने आप हल हो जाता है।

20. जब पुरानी जानकारी नई जानकारी की सफल पुनर्स्मरण में हस्तक्षेप करती है वह __________ कहलाती है। **1**

(A) पूर्वलक्षी अवरोध (B) ट्रेस क्षय
(C) पुनरुद्धार विफलता (D) अग्रलक्षी अवरोध

21. निम्न विषयों के लिए उपयुक्त अनुसंधान के प्रकारों का सुझाव दीजिए। **2**

(a) विद्यार्थियों की स्मरण शक्ति को अच्छा बनाने के लिए कक्षा में दृश्य-श्रव्य साधनों का प्रयोग करना।
(b) व्यायाम और खुशी के बीच के रिश्ते का अध्ययन करना।

22. सही/गलत बताइए - **2**

(a) स्वयं के सभी पहलुओं जैसे शारीरिक, भावनात्मक, सामाजिक और शैक्षणिक के समग्र मूल्यांकन को आत्म-प्रभावकारिता कहते हैं।
(b) कई मूल अवधारणाओं द्वारा गठित आत्म-अवधारणा या तो सकारात्मक होती है या नकारात्मक होती है।

23. उपयुक्त शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए - **2**

(a) __________ तब घटित होता है जब समूह अत्यधिक एक-जुट होता है। (समूह-संघर्ष, समूह चिंतन)
(b) __________ प्राथमिक समूह का एक आदर्श उदाहरण है। (राजनैतिक पार्टी, परिवार)

24. नीचे दिए गए विकल्पों में से सही शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। **4**

[पाईचार्ट, हिस्टोग्राम, ग्राफ, दंड आरेख]

(a) __________ बनाने के लिए वर्ग अंतराल को निरंतर होना चाहिए।
(b) __________ एक आयामी आरेख है।
(c) __________ एक विशेष वर्ग अंतराल या समूह में आवृत्ति का प्रतिशत दर्शाता है।
(d) __________ के साथ डेटा को प्रस्तुत करना, एक दृश्यी सहायक और आसानी से छवि को याद करने में मदद करता है।

25. मिलान कीजिए : **4**

| **संवेग के सिद्धांत** | **प्रमुख विशेषताएँ** |
|---|---|
| (a) शैखता-सिंगर | (i) संवेगात्मक अनुभव शारीरिक परिवर्तनों के बारे में हमारी धारणा से उत्पन्न होता है। |
| (b) जेम्स-लांजे | (ii) शारीरिक उत्तेजना और संवेगों का अनुसार एक साथ होता है। |
| (c) एकमैन | (iii) संवेग शारीरिक और संज्ञानात्मक कारकों से बनती है। |
| (d) कैनन-बार्ड | (iv) मूल संवेग सभी संस्कृतियों में समान हैं। |

**26.** निम्न कथनों में रक्षात्मक तंत्र पहचानिए। **4**

(a) चिंता उत्पन्न करने वाले या नकारात्मक अनुभव को स्पष्ट करने के लिए किसी बहाने का उपयोग करना।

(b) लोग एक बच्चे की तरह व्यवहार करते हैं और विकास के पिछले चरण में वापस आ जाते हैं।

(c) चिंता उत्पन्न करने वाली स्मृतियों या घटनाओं को बलपूर्वक दबाना।

(d) चिंता उत्पन्न करने वाली इच्छाओं से ध्यान हटाकर स्वीकार्य गतिविधियों की ओर मोड़ना।

**27.** बहु बुद्धि के सिद्धांत के अनुसार निम्न पेशेवर लोगों के लिए जिस प्रकार की बुद्धि की जरूरत है, उसका उल्लेख कीजिए। **4**

(a) एक आंतरिक सज्जाकार

(b) एक आध्यात्मिक नेता

(c) प्राणी विज्ञानी

(d) एक वैज्ञानिक

**28.** नीचे दिए गए विकल्पों में से निम्न दिए गए (केसों) मामलों के लिए अभिवृत्ति निर्माण के विभिन्न स्रोतों की पहचान कीजिए। **4**

[मॉडलिंग, प्राचीन अनुबंधन, सामूहिक नियम, सूचनाओं की प्राप्ति]

(a) समाचार पत्र में एक विज्ञापन को पढ़कर रानी ने एक हैल्थ ड्रिंक के विषय में सकारात्मक अभिवृत्ति विकसित कर ली।

(b) सोनिता विभिन्न रीति रिवाजों का पालन करती है जिसे उसने उस संस्कृति से आत्मसात किया है, जिससे वह है।

(c) अनिल अपने माता-पिता को अपने बूढ़े दादा-दादी की सेवा करते देखता है, इससे उसके मन वृद्ध लोगों के प्रति सकारात्मक अभिवृत्ति विकसित हुई।

(d) अनिल का अपनी विज्ञान के अध्यापक के प्रति नकारात्मक अभिवृत्ति है। अब कुछ समय से विज्ञान के विषय के प्रति भी उसकी यही अभिवृत्ति है।

**29.** रिक्त स्थान भरिए - **4**

(a) ___________ एकता की भावना बढ़ाती है और सदस्यों को एक समूह में बाँधती है।

(b) समूहों का निर्माण ___________ और समानता के कारण होता है।

(c) वे नेता जो अपने अधीनस्थों के विकास के लिए सकारात्मक विकास लाने का प्रयास करते हैं, ___________ नेता कहलाते हैं।

(d) एक समूह के सदस्य समूह के भीतर विभिन्न पदों या श्रेणी पर होते हैं। यह ___________ बताती है।

## खण्ड – ख

**30.** (a) व्यक्तित्व से आप क्या समझते हैं ? व्यक्तित्व की दो प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। **2**

**अथवा**

(b) सिगमंड फ्रायड द्वारा बताए गए व्यक्तित्व की संरचना में परमहम की भूमिका का वर्णन कीजिए।

**31.** (a) स्मृति की व्याख्या में कूट संकेतन की प्रक्रिया का वर्णन कीजिए। **2**

**अथवा**

(b) संगठन का उपयोग करने वाले निमोनिक्स, स्मृति को बढ़ाने में कैसे सहायक होते हैं ?

**32.** संज्ञानात्मक विकास के संदर्भ में वर्गीकरण और क्रमाँकन के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए। **2**

33. (a) क्या आप सोचते है कि जैव रासायनिक कारक खराब मानसिक स्वास्थ्य में योगदान देते हैं ? विश्लेषण कीजिए। 2

**अथवा**

(b) मानसिक रूप से स्वस्थ व्यक्ति की किन्हीं चार विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

34. युवा वयस्कता के दौरान लैंगिक भेदभाव एक चिंता का विषय है। इसका वर्णन कीजिए। 2

35. अवसाद और द्विध्रुवी विकार के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए। 2

36. (a) एक उपयुक्त उदाहरण का प्रयोग करते हुए स्वतंत्र और आश्रित चर में अंतर स्पष्ट कीजिए। 3

**अथवा**

(b) प्रायोगिक अनुसंधान पर प्रभाव डालने वाले विभिन्न पूर्वाग्रहों की व्याख्या कीजिए।

37. आसिफ़ एक मानोवैज्ञानिक है जो जॉन बी वॉटसन की विचारधारा में विश्वास रखता है। मनोविज्ञान की इस विचारधारा को पहचानिए और इसकी मुख्य विशेषताओं का वर्णन कीजिए। 3

38. (a) पूर्व-संक्रियात्मक विचार के पहले और दूसरे उपचरण के बीच के मुख्य अंतरों का उल्लेख कीजिए। 3

**अथवा**

(b) मानव विकास का कौन-सा चरण परिकाल्पनिक निगमनात्मक तर्क से जाना जाता है ? इस तर्क की मुख्य विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

39. (a) बुद्धि के अनुभूति पक्ष को किस नाम से जाना जाता है ? उसकी परिभाषा लिखिए और परिभाषा में जिन विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया है, उनका उल्लेख कीजिए। 3

**अथवा**

(b) रॉबर्ट स्टर्नबर्ग द्वारा प्रस्तावित विश्लेषणात्मक बुद्धि का वर्णन कीजए।

40. (a) क्या आप सोचते हैं कि खराब मानसिक स्वास्थ्य के लिए मनोवैज्ञानिक कारक जिम्मेदार हैं ? कारण बताइए। 3

**अथवा**

(b) खराब मानसिक स्वास्थ्य वाले व्यक्ति को (हम) आप कैसे पहचानेंगे?

41. स्टेला को लिफ्ट का इस्तेमाल करते हुए और परिवार और दोस्तों के अलावा अन्य लोगों से मिलते समय असामान्य भय का अनुभव होता है। इस स्थिति को पहचानिए और उसकी स्थिति का वर्णन कीजिए। 3

42. पोंजो भ्रम और दिखाई देने वाली चलन भ्रम का संक्षेप में वर्णन कीजिए। 5

**अथवा**

चयनात्मक अवधान को प्रभावित करने वाले किन्हीं पाँच बाहरी कारकों का उल्लेख कीजिए।

**43.** कुमार अति सुरक्षात्मक वातावरण में पलकर बड़ा हुआ था। बचपन से उसे अपने बारे में कोई फैसला लेने की इजाज़त नहीं थी। उसने अभी नौकरी करनी शुरू की पर उसे हर क्षेत्र में फैसला लेने में बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। परिवार और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के अलावा कुमार को निर्णय लेने में कौन-सी रुकावटें प्रभावित कर रही हैं ? संक्षेप में वर्णन कीजिए। **5**

**44.** मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा दिए गए विशिष्ट तरीकों का वर्णन कीजिए। **5**

**45.** (a) जब बॉस्केट बॉल के दो खिलाड़ी मैच में अच्छा प्रदर्शन नहीं करते और कम योगदान देते हैं तो टीम का हारना निश्चित है। इस घटना को पहचानिए। इसके कारण और उनसे निपटने की रणनीतियों का वर्णन कीजिए। **5**

**अथवा**

(b) सुषमा ने एक एन जी ओ में शामिल हुई है जो महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए काम करता है। वह जिस समूह के साथ जुड़ी है, उसकी मुख्य विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

**- o O o -**